आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.01.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।
- गृहमंत्री अमित शाह ने ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा और सभी राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए मानस–2 हेल्पलाइन के विस्तार का उद्घाटन किया।
- ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा अभियान मनाए जाने के सिलसिले में आज अंडमान निकोबार पुलिस ने नशीले पदार्थ को नष्ट करना आरंभ कर दिया है।
- स्वास्थ्य सेवा उप–निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने कहा कि एच एम पी वी वायरस सामान्य सर्दी और फ्लू जैसे लक्षणों के साथ दिखाई देती है।
- दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से गणतंत्र दिवस समारोह के सिलसिले में विभिन्न विभागों के लिए कार्य योजना तैयार की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान युवा नेता प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर श्री मोदी जनसभा को संबोधित भी करेंगे। नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद के पहले दिन आज केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम बिना राजनीतिक सम्पर्क के राजनीति में एक लाख युवाओं को शामिल करने संबंधी प्रधानमंत्री के स्वाधीनता दिवस के आह्वान के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत के बाद सरकार विभिन्न वार्षिक नेतृत्व और सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित करेगी। सरकार उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहुंच भी प्रदान करेगी। डॉ0 मांडविया ने कहा कि युवाओं को संवाद के जरिये इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ, उद्योगपति आनंद महिन्द्रा और जी–20 के पूर्व शेरपा अमिताभ कांत जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिल रहा है।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि परीक्षाओं और साक्षात्कारों के संचालन में पारदर्शिता और सार्वजनिक जवाबदेही न केवल निष्पक्ष होनी चाहिए, बल्कि निष्पक्ष भी दिखनी चाहिए। आज बेंगलुरु में राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 25वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि नौकरशाही हमारी संवैधानिक दृष्टि की संरक्षक है।

<><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि वर्ष दो हजार चौबीस में सोलह हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। यह स्वाधीनता के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा है। नई दिल्ली में आज मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए श्री शाह ने कहा कि लगभग चौबीस लाख किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किये गये, जबकि पिछले दस वर्ष में छप्पन हजार आठ सौ करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ नष्ट किये गये हैं। कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री ने ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा और सभी राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए मानस–2 हेल्पलाइन के विस्तार का उद्घाटन किया। ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा अभियान आज से शुरू होकर पच्चीस जनवरी तक चलेगा। इस अवधि के दौरान दो हजार चार सौ ग्यारह करोड़ रूपये मूल्य के कुल चवालीस हजार सात सौ बानब्बे किलोग्राम जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया जाएगा।

<><><><><><><>

इस बीच, ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा अभियान मनाए जाने के सिलसिले में आज अंडमान निकोबार पुलिस ने देश में अब तक की सबसे बड़ी ज़ब्त की गई लगभग छः हजार किलोग्राम नशीले पदार्थ को नष्ट करना आरंभ कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग छत्तीस हजार करोड़ रूपये है। पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल की देखरेख में निपटान प्रक्रिया आज सुबह से आरंभ हुई। यह कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक गीता रानी वर्मा की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय ड्रग निपटान समिति के तत्वावधान में शुरू हुई। इस समिति में सी आई डी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक मोहम्मद इरशाद हैदर, अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जी बी पंत अस्पताल के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस पूरी प्रक्रिया को देश के ग्यारह अलग–अलग स्थानों से सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर प्रशासन के मुख्य सचिव चन्द्र भूषण और गृह सचिव नीरज भारती भी शामिल हुए।

<><><><><><><>

विश्व स्तर पर फैले एच एम पी वी वायरस के संबंध में स्वास्थ्य सेवा उप–निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने कहा कि यह वायरस सामान्य सर्दी और फ्लू जैसे लक्षणों के साथ दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि इस वायरस से घबराने की आवश्यकता नहीं है और इसके लक्षण दो से तीन दिनों में कम हो जाते हैं।

<><><><><><><>

गुरूद्वारा डॉ. दीवान सिंह प्रबंधन समिति और खालसा पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की ओर से शहीद डॉ. दीवान सिंह ''कालेपानी'' की शहीदी दिवस के सिलसिले में चौदह जनवरी को कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम डॉ. दीवान सिंह की प्रतिमा स्थल पर सुबह साढ़े नौ बजे से आरंभ होगा। गुरूद्वारा साहिब में सुबह दस बजे से कार्यक्रम रखा गया है। बाद में गुरू का लंगर भी दिया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से गणतंत्र दिवस समारोह के सिलसिले में विभिन्न विभागों के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। मुख्य समारोह मरीना पार्क रोड में आयोजित किया जाएगा। रिहर्सल के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं। समारोह के लिए स्थल प्रबंधन के लिए खेल निदेशालय विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करेगा। इसके लिए स्थल प्रभारी के एक नोडल अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। अंडमान लोक निर्माण विभाग को समारोह स्थल से संबंधित सभी कार्य समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने को कहा गया है। गणतंत्र दिवस समारोह, फुल ड्रेस रिहर्सल और बिटिंग रिट्रीट समारोह के लिए यातायात और पार्किंग प्रबंधन के लिए पुलिस विभाग को निर्देश जारी किया गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय युवा दिवस मनाए जाने के सिलसिले में युवा मामले और खेल विभाग की ओर से आयुष विभाग और शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से नेताजी स्टेडियम परिसर में योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कल सुबह छः बजे आरंभ होगा। विद्यार्थियों, युवाओं और आम जनता से इस योग सत्र में शामिल होने के लिए उचित खेल या योगा किट के साथ पांच बजकर पैंतालीस मिनट तक स्टेडियम में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

लम्बा लाइन स्थित विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय द्वारा कल स्वामी विवेकानन्द जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यालय परिसर में सुबह छः बजकर पैंतालीस मिनट पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी

सिलसिले में कल शाम अबरडीन बाज़ार स्थित डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में भी कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम शाम पांच बजे से आरंभ होगा।

**<><><><><><><>**

गुजरात के भावनगर में चल रहे चौहत्तरवीं राष्ट्रीय बास्केट बॉल चैम्पियनशिप में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की पुरूष बास्केट बॉल टीम भाग ले रही है। बारह सदस्यीय टीम का पहला मैच मेजबान राज्य गुजरात के खिलाफ और दूसरा मैच झारखंड के खिलाफ खेला गया। चैम्पियनशिप का समापन कल होगा।

**<><><><><><><>**